अनुक्रमांक ..................................... समय : 1.00 घण्टा

नाम ............................................ पूर्णांक : 25

# प्रश्न-पुस्तिका
# द्वितीय सेमेस्टर – 2016
## (विज्ञान)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** एलीसा (ELISA) परीक्षण किया जाता है- **(1)**

(A) कैंसर में (B) क्षय में

(C) एड्स में (D) टायफॉयड में

**2.** नाइट्रोजन अणु में होता है- **(1)**

(A) त्रिक् आयनिक बन्ध (B) एकल सहसंयोजी बन्ध

(C) द्विक् सहसंयोजी बन्ध (D) त्रिक्-सहसंयोजी बन्ध

**3.** किसी तत्व का परमाणु क्रमांक 15 तथा द्रव्यमान संख्या 40 है। तत्व के परमाणु के नाभिक में न्यूट्रॉनों की संख्या होगी- **(1)**

(A) 18 (B) 58

(C) 40 (D) 25

**4.** दाएँ निलय से अशुद्ध रूधिर किस अंग में चला जाता है- **(1)**

(A) फेफड़ा (B) हृदय

(C) त्वचा (D) यकृत

**5.** पेट्रोल में होती है- **(1)**

(A) यांत्रिक ऊर्जा (B) विद्युत ऊर्जा

(C) ध्वनि ऊर्जा (D) रासायनिक ऊर्जा

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**6.** 'सिरके' का रासायनिक सूत्र लिखिए। **(1)**

**7.** 'मेस्टन हल' का मुख्य कार्य लिखिए। **(1)**

**8.** 'नवीकरणीय' एवं 'अनवीकरणीय' सम्पदा में मुख्य अन्तर बताइए। **(1)**

**9.** वसा में घुलनशील दो विटामिन के नाम लिखिए। **(1)**

**10.** 'टीकाकरण' क्या है, लिखिए। **(1)**

**11.** 'सरल मशीन' कितने प्रकार की होती है, लिखिए। **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**12.** मनुष्य में कितने प्रकार के दाँत पाए जाते हैं? उनके नाम एवं कार्यों को संक्षेप में समझाइए। **(2)**

**13.** मनुष्य में भोजन के पोषण की प्रक्रिया समझाइए (संक्षेप में विभिन्न पदों का विवरण दें) **(2)**

**14.** 'ऊर्जा रूपान्तरण' से क्या समझते हैं? यांत्रिक एवं 'विद्युत ऊर्जा' के रूपान्तरण को उदाहरण सहित समझाइए। **(2)**

**15.** 'सौर परिवार' को सचित्र समझाइए। **(2)**

**16.** भोजन में कौन-कौन से पोषक तत्व पाए जाते हैं? प्रोटीन की कमी से कौन-कौन से रोग हो जाते हैं? **(2)**

**17.** 'आवर्त सारणी' के किसी आवर्त (Period) में बाएँ एवं दाएँ चलने पर विद्युत-धनात्मक गुण एवं धात्विक गुणों में क्या परिवर्तन होता है? उदाहरण देकर समझाइए। **(2)**

**18.** खेती में प्रयुक्त कल्टीवेटर का नामांकित चित्र बनाइए। **(2)**

---


**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-2/vigyan/2016

2. विज्ञान का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-2/vigyan/

3. विज्ञान के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-2/vigyan/

---

**हमसे जुड़ें**

Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN